

Scanned by TapScanner

Page No.
Date: / /

पर्यावरण दिवस (5 जून 2018)

आज दिनाँक 5 जून 2018 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत में प्राचार्य डॉ० चन्द्र राम जी की अध्यक्षता में पर्यावरण दिवस मनाया गया. जिसमें महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्रा, प्राध्यापक व कर्मचारी गण शामिल रहे। प्राचार्य द्वारा पर्यावरण के महत्व पर प्रकाश डाला गया तथा स्वयंसेवियों द्वारा महाविद्यालय परिसर की सफाई की गई तथा पर्यावरण को संरक्षित रखने की शपथ ली गई।

प्राचार्य
[डॉ० चन्द्र राम]

प्रभारी
डॉ० भारती बहुगुणा

डॉ० गणेश सिंह नेगी

डॉ० नमिता मिश्रा

Scanned by TapScanner

Page No.
Date: 21/ 06/ 18

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून 2018)

आज दिनाँक 21 जून 2018 को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत में प्राचार्य डॉ० चन्द्रराम जी की अध्यक्षता में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। शारीरिक प्रशिक्षक (क्रीडा शिक्षक) श्री हीरा सिंह द्वारा सभी को योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारीवर्ग व छात्र-छात्राएं शामिल रहे। प्राचार्य द्वारा योग पर अपने विचार दिए गए।

प्राचार्य
[डॉ० चन्द्र राम]

प्रभारी
डॉ० भारती बहुगुणा
डॉ० गणेश सिंह नेगी
डॉ० नमिता मिश्रा

Scanned by TapScanner

Page No.
Date: 31 / 07 / 18

एक दिवसीय शिविर

आज दिनाँक 31/7/2018 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत श्रेष्ठ छात्र/छात्राओं के चयन हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विशाल फुलारा समूह को महाविद्यालय स्तर पर चयनित किया गया व छात्रा ममता नेगी व्यक्तिगत स्तर पर कार्य कर चयनित हुई। विशाल फुलारा समूह के सदस्य किशोर कुमार, गौरव भण्डारी, रोहित पाण्डे, दीक्षा ढोंडियाल, हिमांशी बिष्ट व अर्जुन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ० चन्द्र राम जी ने की, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ० वाई० सी० सिंह, व डॉ० अनुपमा तिवारी निर्णायक मण्डल में रहे।

प्राचार्य

प्रभारी

डॉ० भारती बहुगुणा

डॉ० गणेश सिंह नेगी

डॉ० नमिता मिश्रा

Scanned by TapScanner

Page No.
Date: 8 / 08 / 2018

एक दिवसीय शिविर
ORGANIZATION OF MOCK YOUTH PARLIAMENT

आज दिनाँक 8/8/2018 को युवा संसद नवीन भारत की आवाज जिला स्तरीय कार्यक्रम हेतु महाविद्यालय में "एक राष्ट्र एक चुनाव", "सम्प्रदायिकता", व "सुशासन" विषय पर एक वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें निर्णायक मण्डल में डॉ० वाई० सी० सिंह, डॉ० दीपा पाण्डे व डॉ० आशुतोष त्रिपाठी रहे। प्राचार्य डॉ० चन्द्र राम जी द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की गई। प्रतियोगिता में ~~10 (दस)~~ 213 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया जिसमें प्रथम स्थान ज्योति कोरंगा द्वितीय स्थान हिमानी बिष्ट व तृतीय स्थान कुं० साक्षी परिहार ने प्राप्त किया।

प्राचार्य
[डॉ० चन्द्र राम]

प्रभारी
डॉ० भारती बहुगुणा
डॉ० गणेश सिंह नेगी
डॉ० नमिता मिश्रा

Scanned by TapScanner

स्वच्छता रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया

11-08-2018
एक दिवसीय
12/18

अमर उजाला ब्यूरो

रानीखेत/ द्वाराहाट। रानीखेत स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा जारी है। छात्र छात्राओं ने पूरे क्षेत्र में रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया।

रैली को प्राचार्य डॉ. चंद्र राम ने हरी झंडी दिखाई। इसके बाद पूरे क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया। एनएसएस स्वयंसेवियों ने हैड़ाखान मंदिर परिसर में भी सफाई अभियान चलाया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. भारती बहुगुणा, डॉ. गणेश नेगी, डॉ. नमिता मिश्रा के नेतृत्व में बाद में स्वयं सेवियों ने निकटवर्ती बधाण गांव में भी अभियान चलाया। उधर द्वाराहाट के स्वतंत्रता सेनानी स्व. राम सिंह बिष्ट राजकीय पालीटेक्निक में स्वच्छता पखवाड़ा जारी है। नवें दिन एनएसएस शिविरार्थियों ने विकासखंड कार्यालय परिसर में वृहद सफाई अभियान चलाया। कार्यालय के अंदर और परिसर में सफाई की गई। जगह जगह उगी बड़ी झाड़ियों का कटान किया। वहां गाजर घास को भी नष्ट किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत खंड विकास अधिकारी आलोक गार्ग्या ने छात्र छात्राओं को स्वच्छता का महत्व बताया। तथा छात्र छात्राओं के प्रयासों की सराहना की।

इस दौरान संस्था की प्रधानाचार्या नर्मदा सिंह, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी पंकज कुमार, गोविंद कुमार, अल्का, शिवाजी, हिमांशु चम्याल, नेहा बोरा, घनश्याम प्रभाकर, आरएस वाफिला सहित तमाम अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

रानीखेत में स्वच्छता रैली निकालते पीजी कालेज के विद्यार्थी। अमर उजाला

ग्रामीणों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया

रानीखेत। स्थानीय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के स्वच्छता पखवाड़े का पौधारोपण व रंगारंग कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ। पखवाड़े के तहत स्वयंसेवक छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर की सफाई के साथ चिलियानौला क्षेत्र में वृहद सफाई अभियान चलाकर कूड़े का निस्तारण किया। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. भारती बहुगुणा के नेतृत्व में बच्चों ने क्षेत्र में स्वच्छता जागरूकता रैली भी निकाली। प्राचार्य डॉ. चंद्र राम ने स्वच्छता पखवाड़े के तहत स्वयंसेवियों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए महाविद्यालय व पास-पड़ोस को साफ-सुथरा बनाने का आह्वान किया।

स्वच्छता रैली से किया लोगों को जागरूक

रानीखेत। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत के स्वयं सेवियों की ओर से स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। जिसमे एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय के समीप सफाई कर कूड़े का निस्तारण किया। चिलियानौला के समीप विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को साफ-सफाई के लिए प्रेरित भी किया।

स्वच्छता रैली का महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चंद्र राम ने शुभारंभ किया। महाविद्यालय से निकली स्वच्छता रैली चिलियानौला सहित पूरे क्षेत्र होते हुए वापस महाविद्यालय में संपन्न हुई। रैली के दौरान हैड़ाखान चैरिटेबल हास्पिटल में भी साफ-सफाई की गई। स्वयंसेवियों ने सभी से अपने आस-पास साफ सुथरा रखने की अपील की। इस दौरान कार्यक्रम में स्वयंसेवियों के साथ वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. भारतीय बहुगुणा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गणेश नेगी और डॉ. नमिता मिश्रा मौजूद रहे।

Scanned by TapScanner

Page No.
Date: 1-/15 /Aug 2018

स्वच्छता परवाड़ा (दिनाँक 1 अगस्त - 15 अगस्त 2018)

राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत स्वयंसेवियों द्वारा 1 अगस्त से 15 अगस्त 2018 तक स्वच्छता परवाड़ा कार्यक्रम मनाया गया, जिसमें 1 से 5 अगस्त के बीच स्वयंसेवियों द्वारा महाविद्यालय के क्लास रूम, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, ऑडिटोरियम, खेल के मैदान व रास्तों की सफाई की गई दिनाँक 6 से 8 अगस्त के बीच स्वयंसेवियों द्वारा महाविद्यालय के निकट स्थित चिलियानौला क्षेत्र में सफाई कर लोगों बातचीत के माध्यम से स्वच्छता का महत्व समझाया, क्षेत्र के जिन लोगों के पास टॉयलेट सुविधा नही है, उन्हें टॉयलेट बनवाने के लिए प्रेरित किया दिनाँक 9 से 14 अगस्त में बधाण ग्राम की स्वच्छता की तथा ग्रामीण लोगों से बातचीत कर उन्हें स्वच्छता व उसके महत्व को बताया, महाविद्यालय से स्वच्छता रैली निकालकर कूड़ेदान के समीप बिखरा हुआ कूड़ा निस्तारित किया, उसके पश्चात हैड़ारवान चैरिटेबिल हॉस्पिटल पहुँचकर उसके आसपास की गन्दगी साफ की, रैली हॉस्पिटल से आगे तल्ला बधाण गाँव के लिए निकली, पूरे रास्ते जहाँ कही भी कूड़ा मिला उसे एकत्र एकत्र कर निस्तारित किया, गाँव के रास्ते चलते हुए जो भी ग्रामीण जन मिले सभी से स्वच्छता के महत्व पर विचार - विमर्श किया तथा अपने गाँव को स्वच्छ रखें की महत्ता को बताया,

दिनाँक 15 अगस्त स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर प्राचार्य डॉ० चन्द्र राम जी द्वारा ध्वजारोहण किया गया व निदेशक (उच्च शिक्षा) महोदय का संदेश पढ़ा गया तत्पश्चात स्वच्छता अभियान समापन के अवसर पर स्वयंसेवियों द्वारा एक दिवसीय शिविर के अर्न्तगत प्राचार्य जी की उपस्थिति में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक वर्ग व छात्र-छात्राओं, एन० सी० सी० कैडेट्स द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया,

Scanned by TapScanner

Page No.
Date: / /

उसके पश्चात् पूरे महाविद्यालय का भ्रमण कर जहाँ भी गन्दगी मिली उसका निस्तारण किया गया। सभी स्वयंसेवियों, एन० सी० सी० कैडेट्स व छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण, नैतिक मूल्यों, स्वच्छता व देश प्रेम के महत्व को बताते हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्वच्छता परवाड़ा कार्यक्रम के समापन पर डॉ० चन्द्र राम जी द्वारा महाविद्यालय को स्वच्छ घोषित किया गया, तथा समस्त छात्र-छात्राओं, महाविद्यालय प्रशासन व स्वयंसेवियों ने अपने महाविद्यालय को आगे भी स्वच्छ व हरा भरा रखने का संकल्प लिया।

प्राचार्य
[डॉ० चन्द्र राम]

प्रभारी
[डॉ० भारती बहुगुणा]

[डॉ० गणेश सिंह नेगी]

[डॉ० अमिता मिश्रा]

Scanned by TapScanner

Page No.
Date: / /

राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस (२५/९/२०१८)
(एक दिवसीय शिविर)

आज दिनाँक २५/९/२०१८ को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के अवसर पर एक एक दिवसीय शिविर के अन्तर्गत 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम आयोजित किया गया, शिविर का शुभारम्भ प्रभारी प्राचार्य डॉ० अनुपमा तिवारी ने किया, पूर्व वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ० रश्मि रौतेला ने छात्र-छात्राओं को स्वयंसेवी के अर्थ से परिचित कराया।

अमर उजाला | नैनीताल | मंगलवार, 25 सितंबर 2018 | 6

amarujala.com

स्वयं सेवकों ने निकाली जागरूकता रैली

धूमधाम से मनाया गया एनएसएस का स्थापना दिवस, राष्ट्र के निर्माण में आगे आने का आह्वान किया

हिन्दुस्तान

रानीखेत में मनाया गया स्थापना दिवस

रानीखेत। नगर में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस धूमधाम से मनाया गया। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत के स्वयं सेवियों ने 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई की। नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। राजकीय आदर्श बालिका इंटर कालेज रानीखेत में छात्राओं ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। जिसका दर्शकों ने लुत्फ उठाया। कार्यक्रम में डॉ. नमिता मिश्रा, डॉ. गणेश नेगी समेत रहे।

रानीखेत महाविद्यालय में रैली निकालते एनएसएस छात्र-छात्राएं। अमर उजाला

गीतों के माध्यम से लोगों को एनएसएस के उद्देश्य बताए

रानीखेत/द्वाराहाट। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर क्षेत्र के तमाम विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। रानीखेत जीजीआईसी में एनएसएस स्वयंसेवी छात्राओं ने भाषण, गीतों के माध्यम से एनएसएस के उद्देश्य बताए। प्रधानाचार्या नीलम नेगी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और छात्राओं से एनएसएस की मूल भावना को बनाए रखने का आह्वान किया। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनुपमा तिवारी, वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रश्मि रौतेला ने शिविरार्थियों को एनएसएस के उद्देश्य बताए और स्वच्छता के प्रति लोगों को भी जागरूक करने का आह्वान किया। वरिष्ठ कार्यालय अधिकारी डॉ. भारती बहुगुणा ने भी आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी नमिता मिश्रा, डॉ. गणेश नेगी सहित तमाम लोग मौजूद रहे। द्वाराहाट में भी एनएसएस शिविर के दौरान स्थापना दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि जिला समन्वयक डॉ. प्रेम प्रकाश ने एनएसएस के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतरता और गतिशीलता को बनाए रखने का आह्वान किया। प्राचार्य भरत उपाध्याय ने एनएसएस के महत्व को बताया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अंजुम अली ने भी एनएसएस के सिद्धांत बताए। एनएसएस प्रभारी सुमन ने संचालन किया। ब्यूरो

सभी स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय व
अभियान चलाया, स्वयंसेवियों ने
को स्वच्छता ही सेवा के प्रति जागरू
कर लोगों को देश के प्रति अपनी
वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ० भारती
सेवा योजना की स्थापना व उनके
अधिकारी डॉ० नमिता मिश्रा व
को उनके कर्तव्यों के प्रति

प्रभारी प्राचार्य
डॉ० अनुपमा तिवारी

डॉ० नमिता मिश्रा

Scanned by TapScanner

अमर उजाला | अल्मोड़ा | amarujala.com

छात्र-छात्राओं ने किया रक्तदान

पीजी कॉलेज रानीखेत की एनएसएस इकाई की ओर से लगाया गया शिविर

अमर उजाला ब्यूरो

रानीखेत (अल्मोड़ा)। पीजी कालेज रानीखेत की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से महाविद्यालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उद्घाटन करते हुए प्राचार्य डॉ. मोद कुमार पाठक ने रक्तदान का महत्व बताया और समाज में भी लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया। कुल 24 छात्र-छात्राओं ने रक्तदान किया। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर में छात्र छात्राओं ने बढ़चढ़कर शिरकत की। उद्घाटन करते हुए प्राचार्य ने कहा कि एक यूनिट रक्तदान से कई जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से आयोजित इस शिविर में 24 छात्र छात्राओं ने स्वैच्छिक रक्तदान में भाग लिया। गोविंद सिंह माहरा राजकीय अस्पताल के पैथोलॉजिस्ट डॉ. एके दीक्षित ने भी रक्तदान की आवश्यकता पर जोर दिया। प्राध्यापक डॉ. नमिता मिश्रा, लाल सिंह बिष्ट और रविंद्र कुमार कोहली ने भी रक्तदान किया। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. भारती बहुगुणा ने सभी का आभार जताया।

पीजी कालेज में रक्तदान करती छात्रा। अमर उजाला

अजय मेहरा, विमलेश गहतोड़ी, मुकेश सती, दीप प्रकाश बेलवाल, पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रश्मि रौतेला ने विशेष सहयोग किया।

हिन्दुस्तान • हल्द्वानी • रविवार • 07 अक्तूबर 2018 • 06

रानीखेत में छात्र-छात्राओं ने किया रक्तदान

रानीखेत | हमारे संवाददाता

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 24 से अधिक छात्र-छात्राओं और प्राध्यापकों ने कुल 31 यूनिट रक्तदान किया।

इस दौरान प्राचार्य डॉ. पीके पाठक ने छात्र-छात्राओं को रक्तदान का महत्व बताया। राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर का महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पांडे ने उद्घाटन करते हुए रक्तदान की महत्वता बताई। उन्होंने कहा कि, रक्तदान करने से कई जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है। इसका सीधा लाभ जरूरत मंद को दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान कार्यक्रम के माध्यम से छात्र-छात्राएं जरूरत मंद की जान तो बचा ही सकतें है इसके साथ लोगों को भी रक्दान के लिए प्रेरित और जागरूक किया जा सकता हैं।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत में रक्तदान करते छात्र-छात्राएं। • हिन्दुस्तान

राजकीय चिकित्सालय रानीखेत के डॉ. दीक्षित ने छात्र-छात्राओं को रक्तदान की आवश्यताएं बताते हुए इसको एक परोपकार बताया। कहा कि रक्तदान नियमित रूप से करते रहना चाहिए। शिविर में प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं ने मिलकर कुल 31 यूनिट रक्तदान किया। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. भारती बहुगुणा ने सभी का आभार जताया। इस दौरान डॉ. नमिता मिश्रा, लाल सिंह बिष्ट, रविंद्र कोहली, अजय मेहरा, विमलेश गहतोड़ी, मुकेश सती, दीप प्रकाश बेलवाल आदि मौजूद रहे।

Scanned by TapScanner

Page No.
Date: 06/10/2018

एक दिवसीय रक्तदान (दिवस) शिविर

आज दिनांक 6/10/2018 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रमोद कुमार पाठक जी द्वारा किया गया, शिविर में गोविन्द सिंह मेहरा चिकित्सालय रानीखेत के पैथोलॉजिस्ट डॉ. एस. के. दीक्षित द्वारा रक्तदान की आवश्यकता एवं महत्व पर छात्र-छात्राओं को जानकारी देते हुए शिविर की शुरुआत की गई, शिविर में कुल 24 छात्र छात्राओं ने तथा स्टाफ में कुल 07 लोगों ने रक्तदान किया, महाविद्यालय के प्राध्यापक वर्ग में डॉ. नमिता मिश्रा, डॉ. किरन लता पाण्डे, चन्द्रेश द्वारा तथा कर्मचारी वर्ग में श्री मोहित, ललितकुमार, लाल सिंह बिष्ट व रवीन्द्र कुमार कोहली द्वारा रक्तदान किया गया, शिविर प्रातः 10:30 बजे से सायं 3.00 बजे तक चला, शिविर में कुल 31 यूनिट रक्तदान हुआ, शिविर में मुख्य सहयोग डॉ. संदीप दीक्षित तथा उनके सहयोगी श्री अजय सिंह मेहरा व पूरी टीम का रक्त दान शिविर में पूर्ण सहयोग रहा,

प्राचार्य

प्रभारी
[डॉ. भारती बहुगुणा]

[डॉ. गणेश नेगी]

[डॉ. नमिता मिश्रा]

Scanned by TapScanner

अमर उजाला

Page No.
Date: 01/11/2018

धूमधाम के साथ मनाई पटेल की जयंती

अमर उजाला

रानीखेत/द्वाराहाट। लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पूरे क्षेत्र में धूमधाम के साथ मनाई गई। छावनी परिषद ने यहां कैंट इंटर कालेज में एकता दिवस को नेशनल यूनिटी डे के रूप में मनाया। मुख्य अतिथि पूर्व राजदूत हर्ष वर्धन मनराल ने सरदार बल्लभ भाई पटेल की जीवनी पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि देश निर्माण में सरदार का अहम योगदान है। छावनी उपाध्यक्ष मोहन नेगी सहित तमाम अतिथियों ने भी सरदार पटेल के बारे में विचार रखे। छावनी परिषद की सीईओ ज्योति कपूर ने छात्र-छात्राओं से सरदार पटेल के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। शिक्षक, छात्र छात्राओं के अलावा सभासद संजय पंत, सुकृत शाह भी मौजूद रहे। पीजी कालेज रानीखेत में प्राचार्य डॉ. प्रमोद कुमार पाठक ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में तमाम प्राध्यापक और छात्र छात्राएं मौजूद रही। राष्ट्रीय एकता के प्रति शपथ भी ग्रहण कराई गई। कई एनएसएस स्वयंसेवियों ने कविता और गीतों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता पर विचार रखे। रन फॉर यूनिटी के तहत महाविद्यालय से हैड़ाखान अस्पताल तक दौड़ आयोजित हुई। संचालन वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. भारती बहुगुणा ने किया। कार्यक्रम को अधिकारी डॉ. गणेश नेगी और डॉ. नमिता मिश्रा ने सहयोग किया। राजकीय बालिका इंटर कालेज में सरदार पटेल की जयंती एकता दिवस के रूप में मनाई गई। प्रधानाचार्या नीलम नेगी ने सरदार पटेल के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। रानीखेत में भाजपा और कांग्रेस ने भी सरदार पटेल की जयंती पर उन्हें याद किया। द्वाराहाट में पुलिस ने स्टेशन से लेकर गौचर तक मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया। ब्यूरो

अयारतोली, राजकीय बालिका इंटर कालेज प्राये, गरुड़, वज्यूला में पटेल के जन्म दिन पर कई कार्यक्रम हुए।

हिन्दुस्तान 1/11/2018

पटेल की जयंती और इंदिरा को पुण्यतिथि पर किया याद

हिन्दुस्तान

रानीखेत | हमारे संवाददाता

छावनी इंटर कॉलेज में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व राजदूत हर्षवर्धन मनराल ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान देने के बाद आजाद भारत में गृहमंत्री रहते सरदार बल्लभ भाई ने राष्ट्र को नई दिशा देने में भी अहम भूमिका अदा की।

कैंट बोर्ड उपाध्यक्ष मोहन नेगी ओर सीईओ ज्योति कपूर ने भी लौह पुरूष के जीवन वृत पर प्रकाश डाला। राजकीय आदर्श बालिका इंटर कालेज में प्रधानाचार्या नीलम नेगी ने दीप जलाकर व दोनों विभूतियों के चित्रों का माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। रन फॉर यूनिटी रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रेम विद्यालय राइंका ताड़ीखेत में प्रधानाचार्य रोशन लाल टम्टा ने लौह पुरूष पटेल और आयरन लेडी इंदिरा के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। पीजी कालेज में एनएसएस इकाई की ओर से आयोजित कार्यक्रम की प्राचार्य डॉ. प्रमोद कुमार पाठक ने विभूतियों के चित्रों में पुष्प अर्पित कर शुरूआत की।

कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

रानीखेत। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और सरदार पटेल की जयंती पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्मरण किया। इस मौके पर पीसीसी सदस्य कैलाश पांडे, नगर अध्यक्ष उमेश भट्ट, अगस्त लाल साह, सुंदर गोयल, वसीम कुरैशी, कुलदीप, सोनू सिद्दीकी आदि रहे।

भाजपा ने लिया संकल्प

रानीखेत। सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर भाजपा ने उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस मौके पर कैंट बोर्ड उपाध्यक्ष मोहन नेगी, जिला महामंत्री प्रेम शर्मा, विनोद भार्गव, महिला मोर्चा कुमाऊं संयोजिका विमला रावत, त्रिभुवन शर्मा आदि मौजूद रहे।

जिला स्तरीय युवा संसद 18 को होगी

रानीखेत | हमारे संवाददाता

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत में 18 जनवरी को जिला स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम होना है। कार्यक्रम के तहत जिले भर के 18 से 25 वर्ष के आयु के छात्र-छात्राओं के लिए संसदीय प्रतियोगिता कराई जाएगी। अव्वल रहने वाले छात्रों को प्रमाणपत्र वितरित करने के साथ राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भी चयनित किया जाएगा।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत में प्रस्तावित जिला स्तरीय युवा संसद वाद-विवाद प्रतियोगिता की तैयारियां पूरी हो गई हैं। 18 जनवरी को होनेवाली प्रतियोगिता में जिले भर से 18 से 25 वर्ष की आयु के छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर सकते है। प्रतियोगिता में विजेता छात्रों को प्रमाणपत्र वितरित किए जाएंगे। इसके साथ प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भी किया जाएगा। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. भारती बहुगुणा ने बताया कि, जिले भर के विभिन्न महाविद्यालयों के साथ अन्य छात्र-छात्राएं भी प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सकते हैं। इच्छुक छात्र 18 जनवरी को ही सुबह 10:30 बजे कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गणेश नेगी एवं डॉ. नमिता मिश्रा के पास नामांकन करवा सकते हैं। नामांकन के लिए हाईस्कूल के प्रमाणपत्र की छायाप्रति साथ लानी होगी। 18 जनवरी को प्रातः 11 बजे प्रतियोगिता शुरु होगी।

रानीखेत महाविद्यालय

- 18 से 25 वर्ष के आयु के छात्र कर सकते है प्रतिभाग
- 18 जनवरी को प्रातः 11 बजे प्रतियोगिता शुरु होगी।

वाद विवाद प्रतियोगिता के लिए छात्रों को दिए जाएंगे ये विषय

- सोशियो इकोनॉमिक एंपावरमेंट इंक्लूजन ऑफ मार्जिनलाइज्ड
- इंश्योरिंग इज ऑफ लिविंग फॉर ऑल सिटीजन
- इन हैसिंग वूमन एंपावरमेंट
- अरेस्टिंग करप्शन टू जीरो टॉलरेंस

Page No.
Date: 31/10/2018

राष्ट्रीय एकता दिवस व एक दिवसीय शिविर

आज दिनांक 31/10/2018 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में महाविद्यालय में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया, प्राचार्य डॉ. प्रमोद कुमार पाठक जी ने सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया, कार्यक्रम में पूरा महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा, प्राचार्य द्वारा समस्त महाविद्यालय परिवार को राष्ट्रीय एकता शपथ ग्रहण करायी गई, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. वाई-सी. द्वारा छात्र-छात्राओं को पटेल जी के महान कार्यों से अवगत कराया, कई स्वयंसेवियों व छात्र छात्राओं ने अपनी कविता एवं गीतों के माध्यम से राष्ट्रीय एकता अपने विचार रखें, कार्यक्रम के अन्त में "रन फॉर यूनिटी" के तहत समस्त महाविद्यालय परिवार ने महाविद्यालय गेट से हैड़ाखान हॉस्पिटल तक आयोजित दौड़ में प्रतिभाग किया, दौड़ महाविद्यालय परिसर पहुँचकर सम्पन्न हुई, तत्पश्चात स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई करी,

प्रभारी

[डॉ. भारती बहुगुणा]

[डॉ. गणेश नेगी]

[डॉ. नमिता मिश्रा]

Scanned by TapScanner

छात्र संसद के लिए पंजीकरण शुरू

रानीखेत | हमारे संवाददाता

स्व. जयदत्त वैला राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीखेत में जिला स्तरीय युवा छात्र संसद के तहत पंजीकरण शुरू हो गए हैं। गुरुवार को पहले दिन एक दर्जन से अधिक छात्र-छात्राओं ने वाद-विवाद प्रतियोगिता के लिए नामांकन कराया। महाविद्यालय में 18 एवं 19 जनवरी को छात्र संसद वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। रानीखेत महाविद्यालय में एनएसएस के बैनर तले शुक्रवार को जिला स्तरीय छात्र संसद प्रतियोगिता के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। गुरुवार को प्रभारी प्राचार्य डॉ. राघवेंद्र मिश्रा ने कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान महाविद्यालय में पहले दिन 14 छात्र-छात्राओं ने नामांकन कराया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. भारती बहुगुणा ने बताया कि, गुरुवार से पंजीकरण शुरू कर दिए गए है। शुक्रवार को विभिन्न विषयों पर छात्र संसद वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद वंचित रहने वाले छात्रों को 19 जनवरी को अंतिम मौका मिलेगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अव्वल छात्रों को प्रमाणपत्र वितरित किए जाएंगे। यहां कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गणेश सिंह नेगी मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान

अमर उजाला — कुमाऊं

पीजी कॉलेज में युवा संसद की तैयारियां शुरू

रानीखेत (अल्मोड़ा)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जिला स्तरीय युवा संसद नवीन भारत की आवाज का शुभारंभ 17 जनवरी से हो जाएगा। 17 जनवरी को पंजीकरण होंगे। 18 जनवरी को युवा संसद का आयोजन होगा।

19 जनवरी तक चलने वाले इस कार्यक्रम में स्क्रीनिंग प्रोग्राम भी होगा। 18 जनवरी को सामाजिक आर्थिक सशक्तीकरण, महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और सुकन्या समृद्धि से मुद्रा तक, समस्त नागरिकों के लिए सहज जीवन सुनिश्चित करना सहित तमाम विषयों पर परिचर्चा भी होगी। ब्यूरो

...सिंह, राजू सोरेन शामिल हैं। ब्यूरो

अमर उजाला

युवा संसद महोत्सव में पंजीकरण शुरू

रानीखेत/बागेश्वर। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव के तहत पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कार्यक्रम में सुबह 10 बजे पंजीकरण प्रारंभ हुए।

प्रभारी प्राचार्य डॉ. राघवेंद्र मिश्रा, नोडल अधिकारी डॉ. भारती बहुगुणा और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गणेश सिंह नेगी की उपस्थिति में कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। पहले दिन 14 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराए। उधर बागेश्वर डिग्री कालेज में 17-19 जनवरी तक युवा संसद महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। नोडल अधिकारी डॉ. नरेश कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता तीन चरणों में संपन्न होगी। इस विजयी प्रतिभागियों को दो लाख, डेढ़ लाख और एक लाख का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। ब्यूरो

प्रतियोगिता

वाद विवाद प्रतियोगिता के विषयों में परिवर्तन

संस, रानीखेत : राजकीय महाविद्यालय में 18 से 25 वर्ष के युवाओं की 18 जनवरी को होने जा रही युवा संसद प्रतियोगिता के तहत वाद विवाद प्रतियोगिता के विषयों में बदलाव कर दिया गया है। जनपद स्तरीय इस प्रतियोगिता की अन्य सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

नोडल अधिकारी डा. भारती बहुगुणा ने जानकारी देते हुए बताया कि महाविद्यालय में होने वाली प्रतियोगिता के पूर्व में तय विषयों को परिवर्तित कर सामाजिक आर्थिक सशक्तीकरण सीमांतीकरण को (हाशिये पर) शामिल करना, महिला सशक्तीकरण को बढ़ाना बेटी बचाओ तथा सुकन्या समृद्धि से मुद्रा तक आदि विषय निर्धारित किए गए हैं। बताया कि प्रतिभाग करने के लिए नामांकन इसी दिन साढ़े दस बजे तक डॉ. गणेश नेगी तथा डॉ. नमिता मिश्रा के पास करवाए जा सकते हैं। हाईस्कूल प्रमाणपत्र की सत्यापित प्रति भी साथ लाएं।

अमर उजाला 17/01/2019

Page No.
Date: 17 / 01 / 2019

जिला युवा संसद (वाक इन स्क्रीनिंग) स्क्रीनिंग कार्यक्रम

आज दि० 17-01-2019 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम युवा संसद महोत्सव 2019. वाक इन प्रक्रिया 17 जनवरी- 19 जनवरी जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कार्यक्रम के तहत प्रातः 10 बजे पंजीकरण प्रारम्भ किया गया, कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रभारी प्राचार्य डॉ० राघवेन्द्र मिश्रा, नोडल अधिकारी डॉ० भारती बहुगुणा एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ० गणेश सिंह नेगी की उपस्थिति में हुआ, जिसमें महाविद्यालय के 14 छात्र/छात्राओं ने पंजीकरण करवाया, कार्यक्रम में महाविद्यालय के गैस्ट फैकल्टी प्राध्यापक भी उपस्थित रहे, कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्त कर्मचारियों ने सहयोग किया।

प्रभारी प्राचार्य

प्रभारी

डॉ० भारती बहुगुणा

डॉ० गणेश सिंह नेगी

Scanned by TapScanner

रानीखेत के स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जिला स्तरीय युवा संसद शुरू

हिन्दुस्तान 19/1/2019

युवा संसद में बेटी पढ़ाओ का संदेश

जगाई अलख

रानीखेत | हमारे संवाददाता

स्थानीय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जिला स्तरीय युवा संसद शुरू हो गई हैं। पहले दिन प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने प्रभावी व ठोस तरीके से विचार रख निर्धारित विषयों को बेहतरीन तरीकों से उजागर किया। महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का भी संदेश दिया गया।

एनएसएस की ओर से आयोजित युवा संसद का मुख्य अतिथि राजकीय महाविद्यालय शीतलाखेत की प्राचार्या डॉ. शशि पुरोहित ने दीप जलाकर शुभारंभ किया। उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं से अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। कहा कि बेटा-बेटी में भेदभाव न मानते हुए उन्हें समान शिक्षा दी जान चाहिए। पहले दिन मेजबान रानीखेत पीजी कालेज व मानिला महाविद्यालय की टीम ने प्रतिभाग किया। उद्घाटन किया। सोशियो इकोनॉमिक इंपावरमेंट, इन्हैंसिंग वुमैन इंपावरमेंट, इंशयोरिंग इज ऑफ लीविंग [illegible] सिटीजन व अरस्टिंग करप्शन थ्रू जीरो टॉलरेंस पॉलिसी, विषयों पर आधारित संसद में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने विषयों पर ठोस तरीके से विचार रखे। तथ्यों व तर्कों के साथ विचारों को मजबूती देते हुए निर्धारित विषयों को प्रभावशाली तरीके से पेश किए। विशिष्ट अतिथि डॉ. वेद प्रकाश तिवारी व मेजबान कालेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ. राघवेंद्र मिश्रा ने भी विचार रखे। इस मौके पर नोडल अधिकारी डॉ. भारती बहुगुणा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नमिता मिश्रा, डॉ. गणेश नेगी सहित रोहित जोशी, हीरा सिंह, ज्योति जोशी, नीलम धर्मसक्तू आदि मौजूद रहे।

रानीखेत पीजी कालेज में शुक्रवार को आयोजित युवा संसद में प्रतिभाग करने को पहुंचे विभिन्न महाविद्यालयों के प्रतिभागी। • हिन्दुस्तान

शनिवार, 19 जनवरी 2019

सभी स्वदेशी परंपराएं, उत्पत्ति की सभी
बताती हैं कि आप कहां हैं...

अमर उजाला

प्रवाह

युवा संसद में बेटी पढ़ाओ, [illegible] की गूंज

वाक इन स्क्रीनिंग कार्यक्रम में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ समेत कई विषयों पर हुई परिचर्चा

अमर उजाला ब्यूरो

रानीखेत (अल्मोड़ा)। राष्ट्रीय युवा संसद के तहत यहां पीजी कालेज में वाक इन जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मानिला महाविद्यालय सहित तमाम क्षेत्रों से पहुंचे युवाओं ने भाग लिया। इस मौके पर बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ समेत कई विषयों पर परिचर्चा की गई। यहां अव्वल रहे प्रतिभागी अब बागेश्वर में प्रस्तावित जिला स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम में भाग लेंगे।

कार्यक्रम के अंतर्गत सुबह 10 बजे से पंजीकरण शुरू हुए। इस दौरान कुल 10 प्रतिभागियों ने पंजीकरण करवाए। मुख्य अतिथि शीतलाखेत महाविद्यालय की प्राचार्य शशि पुरोहित ने कहा कि युवा संसद के माध्यम से जहां छात्र छात्राओं में लोकतंत्र की समझ बढ़ेगी, वहीं उनका समग्र विकास भी होगा। छात्र छात्राओं ने बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ शीर्षक पर अपने विचार रखे। इसके अलावा सामाजिक आर्थिक सशक्तीकरण, सीमांतीकृत को हाशिए पर, महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तथा सुकन्या समृद्धि से मुद्रा तक, समस्त नागरिकों के लिए सहज जीवन सुनिश्चित करना, शून्य सहिष्णुता नीति के द्वारा भ्रष्टाचार को रोकना सहित तमाम विषयों पर परिचर्चा हुई।

विशिष्ट अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. वेद प्रकाश तिवारी ने छात्र छात्राओं के प्रयासों की सराहना की और भविष्य में भी इसी तरह से लोकतांत्रिक विषयों की समझ बढ़ाने पर जोर दिया।

निर्णायक मंडल में डॉ. वेद प्रकाश तिवारी और डॉ. अभिमन्यु कुमार रहे। इससे पूर्व प्रभारी प्राचार्य डॉ. राघवेंद्र मिश्रा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. भारती बहुगुणा/ डॉ. नमिता मिश्रा, डॉ. गणेश सिंह नेगी आदि ने विशेष सहयोग किया। हालांकि पूरे जिले के महाविद्यालयों के बच्चे नहीं पहुंच पाए।

यूथ संसद में जिला स्तर के लिए चयनित प्रतिभागी अतिथियों के साथ।

Page No.
Date: 18/01/2019

जिला युवा संसद (वाक इन स्क्रीनिंग कार्यक्रम)

आज दिनाँक 18 जनवरी 2019 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में महाविद्यालय में प्रातः 10:00 बजे पंजीकरण कार्य प्रारम्भ हुआ, जिसमें 10 प्रतिभागियों ने स्क्रीनिंग हेतु पंजीकरण करवाया, 11:00 बजे प्रभारी प्राचार्य डॉ० राघवेन्द्र मिश्रा, नोडल अधिकारी डॉ० भारती बहुगुणा कार्यक्रम अधिकारी डॉ० नमिता मिश्रा, डॉ० गणेश सिंह नेगी की उपस्थिति में कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्या रा० महा० शीतलाखेत मेजर शशी पुरोहित रही, विशिष्ट अतिथि रिटायर्ड आयुर्वेद अनुसंधान अधिकारी डॉ० वेद प्रकाश तिवारी ~~[illegible]~~ ~~[illegible]~~ रहे, कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉ० भारती बहुगुणा द्वारा किया गया, तत्पश्चात् संचालन डॉ० गणेश नेगी द्वारा किया गया धन्यवाद ज्ञापन डॉ० नमिता मिश्रा द्वारा किया गया, प्राचार्या डॉ० शशी पुरोहित द्वारा महिलाओं को सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया गया साथ ही परिवार में ही बेटा और बेटी को एक ही प्रकार की शिक्षा देनी चाहिए और एक सी परवरिश दी जाए इस बात पर फोकस किया, डॉ० वेद प्रकाश तिवारी जी ने सभी प्रतिभागियों को उनके बेहतर प्रदर्शन की सराहना की, महाविद्यालय में कार्यरत प्राध्यापक रोहित जोशी, हीरा सिंह, ज्योति जोशी, नीलम धर्मसक्तू व सभी कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

प्रभारी प्राचार्य

प्रभारी

डॉ० भारती बहुगुणा

डॉ० गणेश सिंह नेगी

डॉ० नमिता मिश्रा

Scanned by TapScanner

Page No.
Date: 19/01/2019

राष्ट्रीय युवा संसद पर्व-2019 -

जिला स्तरीय वॉक इन स्क्रीनिंग कार्यक्रम

आज दिनांक 19 जनवरी 2019 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान मे स्क्रीनिंग कार्यक्रम के अन्तिम दिवस मे कुल 8 प्रतिभागियो ने पंजीकरण करवाया। 17 से 19 जनवरी तक चले इस कार्यक्रम मे कुल 32 पंजीकरण हुए तथा 18 प्रतिभागियो का चयन स्क्रीनिंग समिति द्वारा युवा संसद के लिए हुआ। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि मेजर शशि पुरोहित प्राचार्या शीतलाखेत व विशिष्ट अतिथि रिटायर्ड आयुर्वेद अनुसंधान अधिकारी डॉ० वेद प्रकाश तिवारी रहे। निर्णायक मण्डल मे डॉ० शशि पुरोहित व डॉ० वेद प्रकाश तिवारी जी रहे। मुख्य अतिथि द्वारा सभी प्रतिभागियो को अगले कार्यक्रम मे प्रतिभाग करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। सभी प्रतिभागियो को वाद-विवाद के सभी विषयो पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के समापन पर डॉ० भारती बहुगुणा (नोडल अधिकारी) द्वारा सभी अतिथि, प्रतिभागियो व सहयोगियो का आभार व्यक्त किया गया।

प्रभारी प्राचार्य

प्रभारी

डॉ० भारती बहुगुणा

डॉ० गणेश नेगी

डॉ० नमिता मिश्रा

Scanned by TapScanner